Adda247
GET IT ON Google Play

# Bihar State Power (Holding) Company Limited

# बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/06/2025 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | Correspondence Clerk and Store Assistant |

Section : **General Knowledge**

**Q.1** भारतीय खनिज वर्ष-पुस्तिका 2022 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 2021-22 के दौरान सीसा सांद्र और जस्ता सांद्र का उत्पादन रिपोर्ट करने वाला एकमात्र राज्य था?

**Ans**
✗ 1. मध्य प्रदेश
✓ 2. राजस्थान
✗ 3. झारखंड
✗ 4. केरल

**Q.2** कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

**Ans**
✗ 1. हिमाचल प्रदेश
✗ 2. उत्तर प्रदेश
✗ 3. केरल
✓ 4. सिक्किम

**Q.3** नीचे दिए गए मामले में निम्नलिखित में से किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया गया है?
किसी गांव में कुछ गरीब लोगों को अपने घर के सामने की सड़क का उपयोग करने की अनुमति नहीं थी।

**Ans**
✗ 1. संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार
✗ 2. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
✗ 3. संवैधानिक उपचारों का अधिकार
✓ 4. समता का अधिकार

**Q.4** निम्नलिखित में से किसने, 1215 ई. में तराइन के युद्ध में यल्दौज को हराया था?

**Ans**
✗ 1. रुकनुद्दीन
✗ 2. बहराम शाह
✓ 3. शम्सुद्दीन इल्तुतमिश
✗ 4. नसीरुद्दीन महमूद

Q.5 भारतीय संविधान में ग्यारहवां मौलिक कर्तव्य निम्नलिखित में से किस वर्ष शामिल किया गया था?

Ans
✗ 1. 2001
✗ 2. 2003
✓ 3. 2002
✗ 4. 2000

Q.6 बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के अनुसार, निम्नलिखित में से किन राज्यों में 2013-14 और 2022-23 के बीच गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई?

Ans
✗ 1. पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम
✓ 2. उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश
✗ 3. राजस्थान, पंजाब और हरियाणा
✗ 4. महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गुजरात

Q.7 भारत के किस राज्य में मर्रम नागा जनजाति (Marram Nagas tribe) मुख्य रूप से पाई जाती है?

Ans
✗ 1. राजस्थान
✗ 2. नागालैण्ड
✓ 3. मणिपुर
✗ 4. हरियाणा

Q.8 सतत चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत के प्रयासों के तहत 7 मई 2025 को अलौह धातु पुनर्चक्रण वेबसाइट और हितधारक पोर्टल किसने लॉन्च किया?

Ans
✓ 1. कोयला एवं खान मंत्री
✗ 2. इस्पात मंत्री
✗ 3. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री
✗ 4. भारी उद्योग मंत्री

Q.9 निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने 'द हिंदू फैमिली एन्युइटी फंड' की स्थापना की?

Ans
✗ 1. गोपाल गणेश अगरकर
✓ 2. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
✗ 3. केशव चंद्र सेन
✗ 4. राजा राम मोहन राय

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 2025 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शासन में राज्य की भूमिका को कम करने और आर्थिक उदारीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस निकाय के गठन की घोषणा की?

Ans
✗ 1. प्रशासनिक सुधार कार्य बल
✗ 2. राष्ट्रीय आर्थिक सलाहकार परिषद
✗ 3. ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस कमीशन
✓ 4. डिरेगुलेशन कमीशन

Q.11 भारत पर इस्लामी विजय के बाद दिल्ली में बनी पहली मस्जिद, कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का निर्माण किसने शुरू कराया था?

Ans
✓ 1. कुतुबुद्दीन ऐबक
✗ 2. अलाउद्दीन खिलजी
✗ 3. मुहम्मद गोरी
✗ 4. इल्तुतमिश

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा, पार्टी 28 (COP 28) सम्मेलन का स्थल था?

Ans
✗ 1. जापान
✗ 2. सऊदी अरब
✗ 3. भारत
✓ 4. दुबई

Q.13 जुलाई 2024 में, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच किसे नियुक्त किया गया?

Ans
✗ 1. राहुल द्रविड़
✓ 2. गौतम गंभीर
✗ 3. विराट कोहली
✗ 4. एम. एस. धोनी

Q.14 भारत में वनों के प्रकारों के संदर्भ में, आबनूस, महोगनी और शीशम के वृक्ष _________ में पाए जाते हैं।

Ans
✗ 1. पर्वतीय वन
✗ 2. मैंग्रोव वन
✗ 3. कांटेदार वन
✓ 4. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन

Q.15 संसदीय शासन प्रणाली में, निम्नलिखित में से किसे सरकार का मुखिया माना जाता है?

Ans
✗ 1. राष्ट्रपति
✗ 2. सदन का अध्यक्ष
✗ 3. मुख्यमंत्री
✓ 4. प्रधानमंत्री

Q.16 भारत के इतिहास के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) अंग्रेजों ने भारत में मैसूर के शासकों के साथ चार युद्ध लड़े।
(2) ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1899 में उत्तरी सरकारों के अर्पण के बदले में हैदर अली के विरुद्ध हैदराबाद के शासक का साथ दिया।
(3) टीपू सुल्तान अपनी राजधानी श्रीरंगपट्टनम की रक्षा करते हुए श्रीरंगपट्टनम के युद्ध में मारा गया।

Ans
✗ 1. केवल 1 और 2
✗ 2. 1, 2 और 3
✓ 3. केवल 1 और 3
✗ 4. केवल 2 और 3

Q.17 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय को एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में मामलों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 145
✗ 2. अनुच्छेद 142
✗ 3. अनुच्छेद 140
✓ 4. अनुच्छेद 139A

Q.18 ब्रह्म समाज की स्थापना कब हुई थी?

Ans
✗ 1. 1890
✗ 2. 1928
✗ 3. 1830
✓ 4. 1828

Q.19 2024 पेरिस ओलंपिक के दौरान खुले पानी में तैराकी और ट्राइथलन प्रतियोगिताएं किस नदी में आयोजित की गईं?

Ans
1. लॉयर (Loire) ✗
2. गेरोन (Garonne) ✗
3. सीन (Seine) ✓
4. रोन (Rhone) ✗


Q.20 भारत में पहली पूर्ण जनगणना किस वर्ष आयोजित की गई थी?

Ans
1. 1987 ✗
2. 1883 ✗
3. 1885 ✗
4. 1881 ✓


Section : **Logical Reasoning**

Adda247


Q.21 एक कागज़ को मोड़कर काटा जाता है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है। इस कागज़ को खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans 1.




2.



3.



4.



Q.22 Refer to the following letter series and answer the question.

(Left) F J F V C S X N I P C B S W B N N Z C N P B D G S (Right)

How many letters are there in the English alphabetical series between the fourth letter from the left and the sixth letter from the right?

Ans
1. Six
2. Eleven
3. Two
4. Seven

Q.23 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

-7 21 -63 189 ? 1701

Ans
1. -556
2. -567
3. -561
4. -559

Q.24 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले अक्षर समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

APES - EAPS - SEPA
CALM - LCAM - MLAC

Ans
1. RING - IRNG - GINR
2. RAIN - IRAN - AINR
3. HURT - RHUT - TRUH
4. GAIN - GIAN - NIAG

Q.25 सात व्यक्ति W, X, Y, Z, P, Q और R एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
R, Q के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है।
W और Y दो छोरों पर बैठे हैं।
Q और Y दोनों के ठीक पड़ोस में P बैठा है।
Z, W के ठीक दायें बैठा है।
R और Q दोनों के ठीक पड़ोस में X बैठा है।
X के ठीक दायें पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
1. Y
2. Q
3. W
4. R

Q.26 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)
(बाएं) 1 3 2 5 6 8 9 2 8 4 1 3 2 5 7 9 8 4 5 2 6 8 9 3 5 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद में एक विषम अंक भी है? (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी हैं।)

Ans
1. दो
2. चार
3. एक
4. तीन

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JM - NQ
2. BE - FI
3. PS - TW
4. DG - IL

Q.28 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

30 ÷ 2 × 3 + 8 – 4 = ?

Ans ✗ 1. 14

✓ 2. 16

✗ 3. 12

✗ 4. 8

Q.29 निम्नलिखित संख्या-श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(सभी संख्याएँ केवल एक-अंकीय संख्याएँ हैं।)
(बाएं) 8 2 1 5 7 9 8 5 2 6 2 1 5 7 3 7 8 4 3 6 9 7 4 5 2 4 1 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?
(गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

Ans ✗ 1. एक

✗ 2. दो

✓ 3. तीन

✗ 4. चार

Q.30 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 6 8 2 7 3 6 4 9 2 8 7 3 6 4 2 9 8 7 3 4 6 2 9 8 3 7 4 2 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनके ठीक पहले कोई सम अंक नहीं है?

Ans ✗ 1. तीन

✗ 2. एक

✗ 3. दो

✓ 4. चार

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.31 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

522 488 454 ? 386 352

Ans
1. 418
2. 420 ✔
3. 432
4. 424

Q.32 यदि '×' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '÷' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

682 + 22 − 5 ÷ 25 × 11 = ?

Ans
1. 185
2. 187
3. 170
4. 169 ✔

Q.33 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। कौन-सी संख्याओं द्वारा X और Y को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, ताकि :: के बाईं ओर की दोनों संख्याओं द्वारा अनुसरण किया जाने वाला पैटर्न, :: के दाईं ओर की दोनों संख्याओं द्वारा अनुसरण किए जाने वाले पैटर्न के समान हो?

(नोट: गणितीय संक्रियाएं संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 149 :: 62 : Y

Ans
1. X = 74, Y = 165
2. X = 74, Y = 125 ✔
3. X = 72, Y = 127
4. X = 73, Y = 167

Q.34 एक रेस में, राजी, ज्यो से पीछे है, जोकि अन्वी से पीछे है। मनु, अन्वी से आगे है लेकिन विनुथा से पीछे है। गौरी, विनुथा से आगे है। उपरोक्त कथनों से कौन-सा निष्कर्ष निश्चित रूप से निकाला जा सकता है?

Ans ✗ 1. मनु, राजी से पीछे है

✗ 2. ज्यो, मनु से आगे है

✗ 3. मनु, गौरी से आगे है

✓ 4. विनुथा, ज्यो से आगे है

---

Q.35 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BXO : EBR

HVG : KZJ

Ans ✗ 1. ZBI : DDK

✗ 2. DCT : JBV

✗ 3. LAV : OCX

✓ 4. JSA : MWD

---

Q.36 C, B का भाई है। W, P की पुत्री है। K, B की पुत्री है। N, P का पति है। W, B की पत्नी है। N का K से क्या संबंध है?

Ans ✗ 1. पिता के पिता

✓ 2. माता के पिता

✗ 3. पिता की माता

✗ 4. भाई की पत्नी

Adda247

Q.37 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(18, 7, 39)
(16, 9, 43)

Ans
1. (10, 17, 62)
2. (9, 15, 57)
3. (3, 31, 96)
4. (6, 21, 63)

Q.38 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. RYV
2. FMJ
3. YGC
4. HOL

Q.39 यदि '+' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तथा '–' और '×' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

162 + 18 × 6 – 12 ÷ 80 = ?

Ans
1. 26
2. 24
3. 17
4. 10

Adda247

Q.40 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा, # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?

# : UOZ :: BLG : %

Ans
1. # = TNY, % = CMI
2. # = TMY, % = DNH
3. # = SNX, % = CNH
4. # = SMX, % = DNI ✓

Section : General English and Comprehension

Q.41 Select the most appropriate meaning of the given idiom.

Live hand to mouth

Ans
1. To work hard for a living
2. To have only enough money to provide food and shelter ✓
3. To have no money to provide food and shelter
4. To live king-like

Q.42 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Remember

Ans
1. Memorise
2. Owe
3. Forget ✓
4. Think

Q.43 Select the most appropriate option to fill in the blank.

During the interview, the candidate___________his past failures as valuable lessons that shaped his current approach to problem-solving.

Ans
1. highlighted ✓
2. fabricated
3. punished
4. concealed

Adda247

Q.44 Select the most appropriate option to fill in the blank.

Mary ______ swim across the river in 10 minutes.

Ans 1. had

2. be

3. can

4. were

---

Q.45 Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.

A government by the wealthy

Ans 1. Autocracy

2. Democracy

3. Plutocracy

4. Theocracy

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

Read the following passage and answer the questions that follow.

Vandana Shiva, a renowned environmentalist and social activist, opposes aspects of globalisation that harm life and society. With a background in science and philosophy, she critiques the Green Revolution and Genetically Modified Organisms (GMOs) for their adverse effects on India's indigenous farming. She criticises the idea that everything is hard matter, unrelated to each other. Her work on quantum theory emphasises interconnectedness of all life. She believes that science is taught in a one-eyed fashion: all about how to unleash things into the environment but not the impact. She argues that the current scientific approaches, influenced by mechanistic thinking, overlook the impact on ecosystems. Shiva advocates for 'seed freedom,' opposing multinational corporations' control over seeds, which she sees as a threat to life's evolution. She calls for a new paradigm to live harmoniously with nature, criticising globalisation as a force that perpetuates inequality, environmental destruction, and cultural erosion, calling it a 'war against nature, women, children, and the poor.'

**SubQuestion No : 46**

**Q.46 Select the most appropriate ANTONYM of the word 'unleash' as used in the given passage.**

**Ans**

✔ 1. Restrain

✗ 2. Release

✗ 3. Shoot

✗ 4. Let loose

Adda247

**Comprehension:**

Read the following passage and answer the questions that follow.

Vandana Shiva, a renowned environmentalist and social activist, opposes aspects of globalisation that harm life and society. With a background in science and philosophy, she critiques the Green Revolution and Genetically Modified Organisms (GMOs) for their adverse effects on India's indigenous farming. She criticises the idea that everything is hard matter, unrelated to each other. Her work on quantum theory emphasises interconnectedness of all life. She believes that science is taught in a one-eyed fashion: all about how to unleash things into the environment but not the impact. She argues that the current scientific approaches, influenced by mechanistic thinking, overlook the impact on ecosystems. Shiva advocates for 'seed freedom,' opposing multinational corporations' control over seeds, which she sees as a threat to life's evolution. She calls for a new paradigm to live harmoniously with nature, criticising globalisation as a force that perpetuates inequality, environmental destruction, and cultural erosion, calling it a 'war against nature, women, children, and the poor.'

**SubQuestion No : 47**

**Q.47 From her phrase 'new paradigm for living on the earth', it can be deduced that:**

**Ans**

✗ 1. women play a vital role in maintaining a sustainable relationship with the earth

✗ 2. it is high time to stop using chemical fertilisers as they are of no use

✓ 3. ecological agriculture is the need of the hour as it rejuvenates biodiversity

✗ 4. globalisation transforms every community into a war zone

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

Read the following passage and answer the questions that follow.

Vandana Shiva, a renowned environmentalist and social activist, opposes aspects of globalisation that harm life and society. With a background in science and philosophy, she critiques the Green Revolution and Genetically Modified Organisms (GMOs) for their adverse effects on India's indigenous farming. She criticises the idea that everything is hard matter, unrelated to each other. Her work on quantum theory emphasises interconnectedness of all life. She believes that science is taught in a one-eyed fashion: all about how to unleash things into the environment but not the impact. She argues that the current scientific approaches, influenced by mechanistic thinking, overlook the impact on ecosystems. Shiva advocates for 'seed freedom,' opposing multinational corporations' control over seeds, which she sees as a threat to life's evolution. She calls for a new paradigm to live harmoniously with nature, criticising globalisation as a force that perpetuates inequality, environmental destruction, and cultural erosion, calling it a 'war against nature, women, children, and the poor.'

**SubQuestion No : 48**

**Q.48 What has Vandana Shiva discussed in the passage?**

**Ans**

✗ 1. Vandana Shiva recommends genetically modified organisms as they increase the fertility of the soil.

✗ 2. Vandana Shiva claims that the environment is totally unrelated, and it is a hard matter that functions in isolation.

✗ 3. Vandana Shiva advocates for Green Revolution as it increases the output.

✓ 4. Vandana Shiva voices for indigenous farming practices, bio diversity, and the rights of the farmers.

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

Read the following passage and answer the questions that follow.

Vandana Shiva, a renowned environmentalist and social activist, opposes aspects of globalisation that harm life and society. With a background in science and philosophy, she critiques the Green Revolution and Genetically Modified Organisms (GMOs) for their adverse effects on India's indigenous farming. She criticises the idea that everything is hard matter, unrelated to each other. Her work on quantum theory emphasises interconnectedness of all life. She believes that science is taught in a one-eyed fashion: all about how to unleash things into the environment but not the impact. She argues that the current scientific approaches, influenced by mechanistic thinking, overlook the impact on ecosystems. Shiva advocates for 'seed freedom,' opposing multinational corporations' control over seeds, which she sees as a threat to life's evolution. She calls for a new paradigm to live harmoniously with nature, criticising globalisation as a force that perpetuates inequality, environmental destruction, and cultural erosion, calling it a 'war against nature, women, children, and the poor.'

**SubQuestion No : 49**

**Q.49 Identify the fact given in the passage from the options.**

**Ans**
1. Green revolution promotes indigenous farming practices. ✗
2. Vandana Shiva is convinced that the earth is interconnected. ✓
3. Genetic engineering believes genes are related with each other. ✗
4. Globalisation promotes monoculture and peace in the society. ✗

Adda247

Comprehension:

Read the following passage and answer the questions that follow.

Vandana Shiva, a renowned environmentalist and social activist, opposes aspects of globalisation that harm life and society. With a background in science and philosophy, she critiques the Green Revolution and Genetically Modified Organisms (GMOs) for their adverse effects on India's indigenous farming. She criticises the idea that everything is hard matter, unrelated to each other. Her work on quantum theory emphasises interconnectedness of all life. She believes that science is taught in a one-eyed fashion: all about how to unleash things into the environment but not the impact. She argues that the current scientific approaches, influenced by mechanistic thinking, overlook the impact on ecosystems. Shiva advocates for 'seed freedom,' opposing multinational corporations' control over seeds, which she sees as a threat to life's evolution. She calls for a new paradigm to live harmoniously with nature, criticising globalisation as a force that perpetuates inequality, environmental destruction, and cultural erosion, calling it a 'war against nature, women, children, and the poor.'

SubQuestion No : 50

Q.50 What can be inferred from her notion 'seed freedom'?

Ans
✗ 1. Seeds should be free from pesticides.

✗ 2. Farmers should have the freedom to buy seeds from any corporate.

✗ 3. The seeds should be removed from the shells.

✓ 4. Farmers should have the liberty to save seeds, exchange seeds, and sow seeds without paying.

Section : **General Hindi and Comprehension**

Q.51 'घाव पर नमक छिड़कना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

Ans
✗ 1. अत्यंत लज्जित होना

✓ 2. और दुःखी करना

✗ 3. निकम्मा काम करना

✗ 4. प्रसन्न करना

**Q.52 निम्नलिखित में से कौन-सा गुणवाचक विशेषण स्थानवाचक है?**

Ans
✗ 1. दानी
✓ 2. सतही
✗ 3. नुकीला
✗ 4. भूत

**Q.53 'घाट घाट का पानी पीना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**

Ans
✗ 1. दुःख ताजा होना
✓ 2. बहुत अनुभवी होना
✗ 3. प्रभाव होना
✗ 4. बहुत ज़्यादा पानी पीना

**Q.54 निम्नलिखित विकल्पों में से सही विलोम-युग्म चुनिए**

Ans
✗ 1. गुरु-लंबा
✗ 2. गुरु-मृदु
✓ 3. गुरु-लघु
✗ 4. गुरु-दीर्घ

**Q.55 निम्नलिखित विकल्पों में से सही विलोम-युग्म चुनिए.**

Ans
✗ 1. नियत-नियामक
✗ 2. नियत-नियमित
✓ 3. नियत-अनियत
✗ 4. नियत-नीयत

Adda247

**Comprehension:**

नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।

सिनेमा-चित्रों में प्रायः जिस तरह के दृश्य दिखाए जाते हैं, उनका युवकों के चरित्र पर बुरा परिणाम देखकर योरोप के कई देशों ने 16 वर्ष से कम उम्र के कुमारों को सिनेमा देखने का कानूनी निषेध कर दिया है। हत्या और डाके के जो कांड इतने सजीव रूप में दिखाए जाते हैं. उनका किसी के चरित्र पर भी अच्छा असर नहीं पड़ सकता। कुमारों के कोमल हृदय पर तो उसका असर इतना खराब होता है कि कितनों ही ने उसे कार्य रूप में लाने की चेष्टा की है और आज जेलखानों में चक्की पीस रहे हैं। शिक्षोपयोगी चित्रों से अलबत्ता युवकों का बहुत कुछ उपकार होने की आशा की जाती है। भूगोल, इतिहास, आरोग्य आदि विषयों की शिक्षा चित्रों द्वारा बहुत ही सरल और मनोरंजक हो गई है, पर शिक्षा-सिद्धांत के मर्मज्ञों को ये शिक्षा-विषयक चित्रपट भी दोष से खाली नहीं दिखते। इनका असर इतना ख़राब तो नहीं होता, कि कुकृत्यों की ओर ले जाय, पर बौद्धिक विकास में इससे बड़ी बाधा पड़ती है। लड़कों में जो जिज्ञासा-वृत्ति होती है, उसे शान्त करने का यहाँ कोई साधन नहीं। वे केवल आँखों से देखते हैं, बुद्धि और तुलना शक्ति से काम लेने का उन्हें कोई अवसर नहीं मिलता। इस तरह उनका मन विलास-प्रिय हो जाता है और उसमें विचार की शक्ति शिथिल हो जाती है। यहाँ तक कि उनका कहना है कि बहुतेरे युवकों की मानसिक शिथिलता इतनी बढ़ गई है कि वे जो दृश्य देखते हैं, उनकी बारीकियों को याद नहीं रख सकते। बालकों में जो क्रियात्मक और नई-नई बातें खोज निकालने की प्रवृत्ति है, वह यहाँ बिल्कुल दब जाती है। मगर सिनेमा का प्रचार दिन-दिन बढ़ता जा रहा है, और अच्छे फिल्म खोजने से भी नहीं मिलते। जब तक यह व्यवसाय सुशिक्षित और विचारशील तथा चरित्रवान व्यक्तियों के हाथ में न जायगा, इसके सुधरने की कोई आशा नहीं।

SubQuestion No : 56

**Q.56 सिनेमा का समाज से कैसा संबंध होना चाहिए ?**

Ans
✔ 1. यथार्थपरक और शुचितापूर्ण

✘ 2. शुचितापूर्ण और काल्पनिक

✘ 3. यथार्थपरक और वायवीय

✘ 4. काल्पनिक और वायवीय

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Comprehension:

नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।
सिनेमा-चित्रों में प्रायः जिस तरह के दृश्य दिखाए जाते हैं, उनका युवकों के चरित्र पर बुरा परिणाम देखकर योरोप के कई देशों ने 16 वर्ष से कम उम्र के कुमारों को सिनेमा देखने का कानूनी निषेध कर दिया है। हत्या और डाके के जो कांड इतने सजीव रूप में दिखाए जाते हैं. उनका किसी के चरित्र पर भी अच्छा असर नहीं पड़ सकता। कुमारों के कोमल हृदय पर तो उसका असर इतना खराब होता है कि कितनों ही ने उसे कार्य रूप में लाने की चेष्टा की है और आज जेलखानों में चक्की पीस रहे हैं। शिक्षोपयोगी चित्रों से अलबत्ता युवकों का बहुत कुछ उपकार होने की आशा की जाती है। भूगोल, इतिहास, आरोग्य आदि विषयों की शिक्षा चित्रों द्वारा बहुत ही सरल और मनोरंजक हो गई है, पर शिक्षा-सिद्धांत के मर्मज्ञों को ये शिक्षा-विषयक चित्रपट भी दोष से खाली नहीं दिखते। इनका असर इतना ख़राब तो नहीं होता, कि कुकृत्यों की ओर ले जाय, पर बौद्धिक विकास में इससे बड़ी बाधा पड़ती है। लड़कों में जो जिज्ञासा-वृत्ति होती है, उसे शान्त करने का यहाँ कोई साधन नहीं। वे केवल आँखों से देखते हैं, बुद्धि और तुलना शक्ति से काम लेने का उन्हें कोई अवसर नहीं मिलता। इस तरह उनका मन विलास-प्रिय हो जाता है और उसमें विचार की शक्ति शिथिल हो जाती है। यहाँ तक कि उनका कहना है कि बहुतेरे युवकों की मानसिक शिथिलता इतनी बढ़ गई है कि वे जो दृश्य देखते हैं, उनकी बारीकियों को याद नहीं रख सकते। बालकों में जो क्रियात्मक और नई-नई बातें खोज निकालने की प्रवृत्ति है, वह यहाँ बिल्कुल दब जाती है। मगर सिनेमा का प्रचार दिन-दिन बढ़ता जा रहा है, और अच्छे फिल्म खोजने से भी नहीं मिलते। जब तक यह व्यवसाय सुशिक्षित और विचारशील तथा चरित्रवान व्यक्तियों के हाथ में न जायगा, इसके सुधरने की कोई आशा नहीं।

SubQuestion No : 57

Q.57 **बच्चों को सिनेमा से दूर रखना चाहिए। क्योंकि-**

Ans ✔ 1. उनमें उचित-अनुचित का विवेक विकसित नहीं होता है

✘ 2. उनकी चेतना तीक्ष्ण होती है

✘ 3. उनका हृदय कोमल होता है

✘ 4. वे ज़्यादा भावुक होते हैं

Comprehension:

नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।

सिनेमा-चित्रों में प्रायः जिस तरह के दृश्य दिखाए जाते हैं, उनका युवकों के चरित्र पर बुरा परिणाम देखकर योरोप के कई देशों ने 16 वर्ष से कम उम्र के कुमारों को सिनेमा देखने का कानूनी निषेध कर दिया है। हत्या और डाके के जो कांड इतने सजीव रूप में दिखाए जाते हैं. उनका किसी के चरित्र पर भी अच्छा असर नहीं पड़ सकता। कुमारों के कोमल हृदय पर तो उसका असर इतना खराब होता है कि कितनों ही ने उसे कार्य रूप में लाने की चेष्टा की है और आज जेलखानों में चक्की पीस रहे हैं। शिक्षोपयोगी चित्रों से अलबत्ता युवकों का बहुत कुछ उपकार होने की आशा की जाती है। भूगोल, इतिहास, आरोग्य आदि विषयों की शिक्षा चित्रों द्वारा बहुत ही सरल और मनोरंजक हो गई है, पर शिक्षा-सिद्धांत के मर्मज्ञों को ये शिक्षा-विषयक चित्रपट भी दोष से खाली नहीं दिखते। इनका असर इतना ख़राब तो नहीं होता, कि कुकृत्यों की ओर ले जाय, पर बौद्धिक विकास में इससे बड़ी बाधा पड़ती है। लड़कों में जो जिज्ञासा-वृत्ति होती है, उसे शान्त करने का यहाँ कोई साधन नहीं। वे केवल आँखों से देखते हैं, बुद्धि और तुलना शक्ति से काम लेने का उन्हें कोई अवसर नहीं मिलता। इस तरह उनका मन विलास-प्रिय हो जाता है और उसमें विचार की शक्ति शिथिल हो जाती है। यहाँ तक कि उनका कहना है कि बहुतेरे युवकों की मानसिक शिथिलता इतनी बढ़ गई है कि वे जो दृश्य देखते हैं, उनकी बारीकियों को याद नहीं रख सकते। बालकों में जो क्रियात्मक और नई-नई बातें खोज निकालने की प्रवृत्ति है, वह यहाँ बिल्कुल दब जाती है। मगर सिनेमा का प्रचार दिन-दिन बढ़ता जा रहा है, और अच्छे फिल्म खोजने से भी नहीं मिलते। जब तक यह व्यवसाय सुशिक्षित और विचारशील तथा चरित्रवान व्यक्तियों के हाथ में न जायगा, इसके सुधरने की कोई आशा नहीं।

SubQuestion No : 58

Q.58 **इस व्यवसाय की बेहतरी के लिए आवश्यक है कि-**

Ans
✔ 1. व्यवसाय सुशिक्षित-चरित्रवान व्यक्तियों के हाथ में हो
✘ 2. निर्देशक धनवान हो
✘ 3. बच्चों के लिए अवैध हो
✘ 4. नायक-नायिका प्रसिद्ध हों

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।

सिनेमा-चित्रों में प्रायः जिस तरह के दृश्य दिखाए जाते हैं, उनका युवकों के चरित्र पर बुरा परिणाम देखकर योरोप के कई देशों ने 16 वर्ष से कम उम्र के कुमारों को सिनेमा देखने का कानूनी निषेध कर दिया है। हत्या और डाके के जो कांड इतने सजीव रूप में दिखाए जाते हैं. उनका किसी के चरित्र पर भी अच्छा असर नहीं पड़ सकता। कुमारों के कोमल हृदय पर तो उसका असर इतना खराब होता है कि कितनों ही ने उसे कार्य रूप में लाने की चेष्टा की है और आज जेलखानों में चक्की पीस रहे हैं। शिक्षोपयोगी चित्रों से अलबत्ता युवकों का बहुत कुछ उपकार होने की आशा की जाती है। भूगोल, इतिहास, आरोग्य आदि विषयों की शिक्षा चित्रों द्वारा बहुत ही सरल और मनोरंजक हो गई है, पर शिक्षा-सिद्धांत के मर्मज्ञों को ये शिक्षा-विषयक चित्रपट भी दोष से खाली नहीं दिखते। इनका असर इतना ख़राब तो नहीं होता, कि कुकृत्यों की ओर ले जाय, पर बौद्धिक विकास में इससे बड़ी बाधा पड़ती है। लड़कों में जो जिज्ञासा-वृत्ति होती है, उसे शान्त करने का यहाँ कोई साधन नहीं। वे केवल आँखों से देखते हैं, बुद्धि और तुलना शक्ति से काम लेने का उन्हें कोई अवसर नहीं मिलता। इस तरह उनका मन विलास-प्रिय हो जाता है और उसमें विचार की शक्ति शिथिल हो जाती है। यहाँ तक कि उनका कहना है कि बहुतेरे युवकों की मानसिक शिथिलता इतनी बढ़ गई है कि वे जो दृश्य देखते हैं, उनकी बारीकियों को याद नहीं रख सकते। बालकों में जो क्रियात्मक और नई-नई बातें खोज निकालने की प्रवृत्ति है, वह यहाँ बिल्कुल दब जाती है। मगर सिनेमा का प्रचार दिन-दिन बढ़ता जा रहा है, और अच्छे फिल्म खोजने से भी नहीं मिलते। जब तक यह व्यवसाय सुशिक्षित और विचारशील तथा चरित्रवान व्यक्तियों के हाथ में न जायगा, इसके सुधरने की कोई आशा नहीं।

**SubQuestion No : 59**

**Q.59 परिच्छेद का उचित शीर्षक होगा-**

**Ans**

✗ 1. सिनेमा का दुष्प्रभाव

✗ 2. सिनेमा और समाज

✗ 3. सिनेमा और यूरोप

✓ 4. सिनेमा और युवक

Adda247
GET IT ON Google Play

Comprehension:

नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।

सिनेमा-चित्रों में प्रायः जिस तरह के दृश्य दिखाए जाते हैं, उनका युवकों के चरित्र पर बुरा परिणाम देखकर योरोप के कई देशों ने 16 वर्ष से कम उम्र के कुमारों को सिनेमा देखने का कानूनी निषेध कर दिया है। हत्या और डाके के जो कांड इतने सजीव रूप में दिखाए जाते हैं. उनका किसी के चरित्र पर भी अच्छा असर नहीं पड़ सकता। कुमारों के कोमल हृदय पर तो उसका असर इतना खराब होता है कि कितनों ही ने उसे कार्य रूप में लाने की चेष्टा की है और आज जेलखानों में चक्की पीस रहे हैं। शिक्षोपयोगी चित्रों से अलबत्ता युवकों का बहुत कुछ उपकार होने की आशा की जाती है। भूगोल, इतिहास, आरोग्य आदि विषयों की शिक्षा चित्रों द्वारा बहुत ही सरल और मनोरंजक हो गई है, पर शिक्षा-सिद्धांत के मर्मज्ञों को ये शिक्षा-विषयक चित्रपट भी दोष से खाली नहीं दिखते। इनका असर इतना ख़राब तो नहीं होता, कि कुकृत्यों की ओर ले जाय, पर बौद्धिक विकास में इससे बड़ी बाधा पड़ती है। लड़कों में जो जिज्ञासा-वृत्ति होती है, उसे शान्त करने का यहाँ कोई साधन नहीं। वे केवल आँखों से देखते हैं, बुद्धि और तुलना शक्ति से काम लेने का उन्हें कोई अवसर नहीं मिलता। इस तरह उनका मन विलास-प्रिय हो जाता है और उसमें विचार की शक्ति शिथिल हो जाती है। यहाँ तक कि उनका कहना है कि बहुतेरे युवकों की मानसिक शिथिलता इतनी बढ़ गई है कि वे जो दृश्य देखते हैं, उनकी बारीकियों को याद नहीं रख सकते। बालकों में जो क्रियात्मक और नई-नई बातें खोज निकालने की प्रवृत्ति है, वह यहाँ बिल्कुल दब जाती है। मगर सिनेमा का प्रचार दिन-दिन बढ़ता जा रहा है, और अच्छे फिल्म खोजने से भी नहीं मिलते। जब तक यह व्यवसाय सुशिक्षित और विचारशील तथा चरित्रवान व्यक्तियों के हाथ में न जायगा, इसके सुधरने की कोई आशा नहीं।

SubQuestion No : 60

Q.60 **सिनेमा समाज को सार्थक दिशा तभी दे सकता है, जब-**

Ans
✔ 1. उसका निर्माण सचेत और शुचितापूर्ण ढंग से किया गया हो
✗ 2. उसका निर्माण यथार्थपरक हो
✗ 3. उसका निर्माण राजनीति केंद्रित हो
✗ 4. उसके निर्माण में सामाजिक-राजनीतिक छौंक भी हो

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, MS एक्सेल में डेटा सॉर्ट करने के लिए उपयोग नहीं किया जाता है?

Ans
1. सॉर्ट Z टु A (Sort Z to A)
2. ऑटोमैटिक सॉर्ट (Automatic Sort)
3. सॉर्ट A टु Z (Sort A to Z)
4. कस्टम सॉर्ट (Custom Sort)

Q.62 एमएस वर्ड में, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, कंप्यूटर पर एक विशिष्ट फ़ोल्डर में सेव किए गए कस्टम टेम्पलेट के आधार पर एक नया डॉक्यूमेंट क्रिएट करने की विधि का सही वर्णन करता है?

Ans
1. File टैब पर जाएँ, New सेलेक्ट करें, Personal पर क्लिक करें, कस्टम टेम्पलेट फ़ोल्डर ब्राउज़ करें और टेम्पलेट ओपन करें।
2. Insert टैब पर जाएँ, New Document पर क्लिक करें और कस्टम टेम्पलेट सेलेक्ट करें।
3. View टैब पर जाएँ, New पर क्लिक करें और कस्टम टेम्पलेट सेलेक्ट करें।
4. Home टैब पर जाएँ, New Document पर क्लिक करें और कस्टम टेम्पलेट ब्राउज़ करें।

Q.63 ई-कॉमर्स की प्रमुख चुनौतियों में से एक क्या है?

Ans
1. 24/7 संचालन करने में असमर्थता
2. सीमित उत्पाद उपलब्धता
3. साइबर सुरक्षा जोखिम
4. भौतिक स्टोर की उच्च लागत

Q.64 साइबर सुरक्षा, _______________ का संयोजन होता है।

Ans
1. गोपनीयता, अखंडता और ऑथराइज़ेशन (confidentiality, integrity and authorisation)
2. गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता (confidentiality, integrity and availability)
3. गोपनीयता, अखंडता और प्रामाणिकता (confidentiality, integrity and authenticity)
4. गोपनीयता, एकीकरण और उपलब्धता (confidentiality, integration and availability)

Q.65 निम्नलिखित MS Excel फॉर्मूला में नेस्टिंग (nesting) के कितने स्तर किए गए हैं?

=IF(AVERAGE(F2:F5)>50,SUM(G2:G5),0)

Ans
1. एक
2. तीन
3. दो
4. चार

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा, विंडोज OS में इंस्टॉलेशन का एक प्रकारनहीं है?

Ans ✗ 1. पैरेलल इंस्टॉलेशन (Parallel installation)

✗ 2. सिंगल-लोकेशन इंस्टॉलेशन (Single-location installation)

✗ 3. डायरेक्ट इंस्टॉलेशन (Direct installation)

✓ 4. डबल-लोकेशन इंस्टॉलेशन (Double-location installation)

Q.67 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया आपको एमएस एक्सेल वर्कशीट को एमएस पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में इन्सर्ट करने की सुविधा देती है?

Ans ✗ 1. 'File' पर क्लिक करें और 'Import' चुनें।

✗ 2. स्लाइड पर राइट-क्लिक करें और 'Insert Chart' चुनें।

✓ 3. 'Insert' टैब पर क्लिक करें और 'Object' चुनें।

✗ 4. वर्कशीट को कॉपी और पेस्ट करने के लिए 'Home' टैब का उपयोग करें।

Q.68 एमएस वर्ड में फॉन्ट का साइज़ बदलने के लिए निम्नलिखित में से किस ऑप्शन का उपयोग किया जाता है?

Ans ✗ 1. Styles

✗ 2. Clipboard

✗ 3. Paragraph

✓ 4. Font

Q.69 मिश्रित डेटा टाइप (जैसे, टेक्स्ट और संख्या) वाले कॉलम को सॉर्ट करते समय, एमएस एक्सेल क्या करेगा?

Ans ✗ 1. टेक्स्ट और संख्याओं को रैंडम ऑर्डर में एक साथ सॉर्ट करेगा

✗ 2. एरर मैसेज डिस्प्ले करेगा

✓ 3. पहले टेक्स्ट को और फिर संख्याओं को सॉर्ट करेगा

✗ 4. सभी टेक्स्ट वैल्यू की उपेक्षा करेगा और केवल संख्याओं को सॉर्ट करेगा

Q.70 किसी वेब ब्राउज़र को प्रॉक्सी सर्वर का उपयोग करने के लिए कॉन्फ़िगर करने में सामान्यतः निम्नलिखित में से कौन-से चरण शामिल होते हैं?

Ans ✗ 1. कंप्यूटर को रिस्टार्ट करें -> F8 कुंजी दबाए रखें -> प्रॉक्सी सर्वर को सुरक्षित मोड में कॉन्फ़िगर (Configure) करें

✗ 2. कमांड प्रॉम्प्ट ओपन करें -> प्रॉक्सी सर्वर एड्रेस टाइप करें -> Enter दबाएँ

✓ 3. वेब ब्राउज़र ओपन करें -> settings मेनू पर जाएँ -> 'Network' या 'Connection' सेटिंग सेलेक्ट करें -> प्रॉक्सी सर्वर विवरण दर्ज करें

✗ 4. थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन इंस्टॉल करें -> एप्लिकेशन को रन करें -> प्रॉक्सी सर्वर विवरण दर्ज करें

Q.71 एमएस एक्सेल में स्प्रेडशीट ओपन करने के लिए निम्नलिखित में से किस चरण का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. Alt+E कुंजी संयोजन का उपयोग करें -> Open सेलेक्ट करें -> Enter दबाएँ
✓ 2. Alt+F कुंजी संयोजन का उपयोग करें -> Open सेलेक्ट करें -> Enter दबाएँ
✗ 3. Alt+M कुंजी संयोजन का उपयोग करें -> Open सेलेक्ट करें -> Enter दबाएँ
✗ 4. Alt+Z कुंजी संयोजन का उपयोग करें -> Open सेलेक्ट करें -> Enter दबाएँ

---

Q.72 विंडोज डेस्कटॉप पर स्टार्ट बटन - पावर बटन आइकन के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प मौजूद नहीं है?

Ans
✗ 1. Restart
✓ 2. Sign-in options
✗ 3. Sleep
✗ 4. Shut down

---

Q.73 व्यवसायों के लिए साइबर सुरक्षा आवश्यक है ताकि ______________________।

Ans
✗ 1. इंटरनेट ब्राउज़िंग की स्पीड में सुधार हो
✓ 2. संवेदनशील डेटा को अनधिकृत पहुंच से प्रोटेक्ट कर सकें
✗ 3. यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके कंप्यूटर स्पीड से चलें
✗ 4. करों का भुगतान करने से बचें

---

Q.74 ईमेल सिस्टम में निम्नलिखित में से किस फ़ोल्डर में आपके द्वारा दूसरों को भेजे गए ईमेल होते हैं?

Ans
✗ 1. स्पैम (Spam)
✗ 2. ड्राफ्ट्स (Drafts)
✓ 3. आउटबॉक्स (Outbox)
✗ 4. इनबॉक्स (Inbox)

Adda247

Q.75 ग्रुप A से प्रिंटिंग सेटिंग के विकल्पों को ग्रुप B में उनके विवरण से सुमेलित कीजिए।

ग्रुप A ग्रुप B
1. प्रिंट ऑल पेज (Print All Pages) i. केवल वही जो आपने सेलेक्ट किया है
2. प्रिंट सेलेक्शन (Print Selection) ii. केवल यह पेज
3. प्रिंट करंट पेज (Print Current Page) iii. संपूर्ण डॉक्यूमेंट
4. कस्टम प्रिंट (Custom Print) iv. विशिष्ट पेज, सेक्शन और रेंज टाइप करें

Ans
✗ 1. 1-ii, 2-iv, 3-i, 4-iii
✓ 2. 1-iii, 2-i, 3-ii, 4-iv
✗ 3. 1-iv, 2-iii, 3-ii, 4-i
✗ 4. 1-i, 2-ii, 3-iii, 4-iv

Q.76 कोई यूजर विंडोज 10 में नए प्रिंटर को कैसे ऐड करता है?

Ans
✗ 1. कंट्रोल पैनल में 'Add or Remove Programs' फीचर का उपयोग करें
✗ 2. प्रिंटर एडिशन को एनेबल करने के लिए सिस्टम की दिनांक और समय बदलें
✓ 3. Settings > Devices > Printers & scanners > Add a printer or scanner पर जाएँ
✗ 4. टास्क मैनेजर खोलें > 'Add Printer' चुनें

Q.77 एमएस पावर पॉइंट में, कौन-सा फीचर उपयोगकर्ता को एक मॉनिटर पर प्रेजेंटेशन (presentation) एडिट करते हुए दूसरे मॉनिटर पर स्लाइड शो रन करने की सुविधा देता है?

Ans
✗ 1. स्लाइड सॉर्टर व्यू (Slide Sorter View)
✗ 2. रिव्यू मोड (Review Mode)
✓ 3. प्रेजेंटर व्यू (Presenter View)
✗ 4. नॉर्मल मोड (Normal View)

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सी वह सामान्य विधि है जिसका उपयोग कंप्यूटर वायरस प्रसार के लिए करते हैं?

Ans
✓ 1. ईमेल अटैचमेंट (Email attachments)
✗ 2. सॉफ्टवेयर लाइसेंसिंग (Software licensing)
✗ 3. सिस्टम अपडेट (System updates)
✗ 4. हार्डवेयर अपग्रेड (Hardware upgrades)

Q.79 ईमेल में निम्नलिखित में से किस फ़ील्ड का उपयोग, ईमेल मैसेज के प्राथमिक प्राप्तकर्ता(ओं) को निर्दिष्ट करने के लिए उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. CC
✗ 2. Subject
✓ 3. To
✗ 4. BCC

---

Q.80 विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में दिनांक और समय बदलने के लिए निम्नलिखित में से किन चरणों का पालन करना होगा?

Ans
✗ 1. Start -> Settings -> System -> Date & time में जाकर
✗ 2. Start -> Settings -> Network & Internet -> Date & time में जाकर
✗ 3. Start -> Settings -> Device -> Date & time में जाकर
✓ 4. Start -> Settings -> Time & language -> Date & time में जाकर

---

Section : **Quantitative Aptitude**

Q.81 1850 – [450 – {210 – (90 – 80 – 8)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1538
✗ 2. 1468
✓ 3. 1608
✗ 4. 1683

---

Q.82 नीचे दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$$\left(\frac{125}{64}\right)^{\frac{2}{3}} \times \left(\frac{343}{512}\right)^{-\left(\frac{2}{3}\right)} \div \left(\frac{2}{5}\right)^{-2}$$

Ans
✗ 1. $\frac{19}{48}$
✓ 2. $\frac{16}{49}$
✗ 3. $\frac{17}{50}$
✗ 4. $\frac{15}{52}$

Q.83 एक दुकानदार एक पंखे का मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 55% अधिक सूचीबद्ध करता है और उसके सूची मूल्य पर 30% की छूट देता है। यदि वह ₹136 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का सूची मूल्य (₹ में) क्या है?

Ans
✗ 1. 2,558
✗ 2. 2,365
✓ 3. 2,480
✗ 4. 2,194

Q.84 दो पाइप एक साथ मिलकर किसी टैंक को 12 मिनट में भर सकते हैं। यदि एक पाइप दूसरे पाइप की तुलना में टैंक को डेढ़ गुना तेजी से भरता है, तो टैंक को अकेले तेज पाइप द्वारा भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 22
✗ 2. 18
✓ 3. 20
✗ 4. 24

Q.85 2019 में अमित की आय ₹23,500 थी। उसे हर साल 10% की वेतन वृद्धि मिलती है। 2021 में उसकी आय (₹ में) क्या थी?

Ans
✗ 1. 28,200
✓ 2. 28,435
✗ 3. 23,500
✗ 4. 25,850

Q.86 रेणु की वर्तमान आयु का 5 गुना, मानव की वर्तमान आयु के 3 गुने से 19 वर्ष अधिक है, और मानव की वर्तमान आयु का 8 गुना, रेणु की वर्तमान आयु के 5 गुने से 9 वर्ष कम है। रेणु और मानव की वर्तमान आयु का योग (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9
✗ 2. 5
✗ 3. 11
✓ 4. 7

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.87 P की मासिक आय और Q की मासिक आय का अनुपात 7 : 10 है तथा P की बचत, Q की बचत से $\frac{150}{7}\%$ अधिक है। यदि P की मासिक आय और Q की मासिक आय का योगफल ₹85,000 है तथा Q का व्यय ₹22,000 है, तो P का व्यय ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹8,000
2. ₹12,000
3. ₹1,000 ✔
4. ₹1,500

Q.88 1850 – [450 – {210 – (90 – 70 – 7)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1527
2. 1457
3. 1597 ✔
4. 1672

Q.89 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों I, II, III और IV पर समान है। दुकान I कुकर के अंकित मूल्य पर 46% और 62% की दो क्रमिक छूट देती है, दुकान II कुकर के अंकित मूल्य पर 16% और 77% की क्रमिक छूट देती है, दुकान III कुकर के अंकित मूल्य पर 74% और 54% की क्रमिक छूट देती है और दुकान IV कुकर के अंकित मूल्य पर 12%, 98% और 86% की क्रमिक छूट देती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans
1. IV ✔
2. III
3. II
4. I

Q.90 निम्नलिखित को हल कीजिए।
$8.3 + 8.2 \div 4.1 \text{ of } 2 - 4 \times 2$

Ans
1. 3.1
2. 2
3. 1
4. 1.3 ✔

Adda247

Q.91 नल A, नल B की तुलना में बाल्टी को 1.5 गुना तेजी से भर सकता है। नल A और नल B को एक साथ बाल्टी भरने में 12 मिनट लगते हैं। अकेले नल B को बाल्टी भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
✗ 1. 18 मिनट
✗ 2. 22.5 मिनट
✗ 3. 21 मिनट
✓ 4. 30 मिनट

Q.92 P, Q को एक वस्तु 20% के लाभ पर बेचता है। Q, उसी वस्तु को R को 72% के हानि पर बेचता है। यदि R ने वस्तु के लिए ₹4,116 का भुगतान किया, तो P ने वस्तु किस कीमत (₹ में) पर खरीदी?

Ans
✗ 1. 12,253
✗ 2. 12,252
✗ 3. 12,248
✓ 4. 12,250

Q.93 निम्नलिखित में से कौन-सी स्कीमें ग्राहक के लिए सबसे अधिक लाभदायक हैं?

स्कीम 1) 5 खरीदें 4 मुफ़्त पाएँ।
स्कीम 2) 5 खरीदें 7 पाएँ।
स्कीम 3) 10% और 5% की दो क्रमिक छूट।

Ans
✓ 1. केवल स्कीम 1
✗ 2. स्कीमें 1 और 2 दोनों
✗ 3. केवल स्कीम 2
✗ 4. स्कीमें 2 और 3 दो

Q.94 तीन वर्ष पहले, A की आयु B की आयु से तीन गुनी थी। उनकी वर्तमान आयु का अनुपात 7 : 3 है। उनकी वर्तमान आयु का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 40 वर्ष
✗ 2. 50 वर्ष
✓ 3. 30 वर्ष
✗ 4. 20 वर्ष

Adda247

Q.95 एक बस द्वारा पहले घंटे में 65 km दूरी तय की गई और अगले घंटे में 55 km की दूरी तय की गई। बस की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 62 km/hr
✗ 2. 55 km/hr
✓ 3. 60 km/hr
✗ 4. 68.5 km/hr

Q.96 320 m और 380 m लंबाई वाली दो एक्सप्रेस रेलगाड़ियां, एक ही समय पर अहमदाबाद से दिल्ली की ओर चलना शुरू करती हैं। उनकी चाल क्रमशः 84 km/h और 42 km/h है। तेज़ चाल वाली रेलगाड़ी, धीमी चाल वाली रेलगाड़ी को कितने सेकंड में पार करेगी?

Ans
✗ 1. 50 सेकंड
✓ 2. 60 सेकंड
✗ 3. 45 सेकंड
✗ 4. 120 सेकंड

Q.97 6.5, 10.6, 19.7 और a का औसत 14 है। a का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 19.2
✗ 2. 18.2
✗ 3. 21.2
✗ 4. 20.2

Q.98 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, पहले उम्मीदवार को कुल वैध मतों में से 60% मत मिले। 10% मत अवैध थे। यदि मतों की कुल संख्या 10,000 थी, तो दूसरे उम्मीदवार को मिले वैध मतों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 3600
✗ 2. 4200
✗ 3. 3000
✗ 4. 3100

Q.99 यदि x का 4% = 264 है, तो x निम्न में से किसके बराबर है?

Ans
✗ 1. 13200
✓ 2. 6600
✗ 3. 6700
✗ 4. 13300

Q.100 आर्मी क्लब के 80% सदस्य पुरुष हैं और 20% महिलाएं हैं। यदि पुरुषों की औसत आयु 30 वर्ष है और महिलाओं की औसत आयु 40 वर्ष है, तो सभी सदस्यों की औसत आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 34

✓ 2. 32

✗ 3. 30

✗ 4. 31